भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 3906

उत्तर देने की तारीख: 11.08.2026

विदेश में पढ़ाई कर रहे अनुसूचित जाति छात्रों के लिए छात्रवृत्ति

3906. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से इस योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले और विदेशों में नामांकित छात्रों का आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरा सहित राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) अभियानों, पहुंच कार्यकलापों और प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है और ग्रामीण क्षेत्रों और चित्तूर जैसे अनुसूचित जाति निर्वाचन क्षेत्रों में विशेषकर कवरेज और जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) आवेदन, चयन और सत्यापन को सरल बनाने के लिए कौन से उपाय अपनाए गए हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहायता-तंत्र का ब्यौरा क्या है; और

(घ) छात्रवृत्ति के संस्वीकृति और वितरण में देरी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं तथा निधि जारी करने के लिए निर्धारित समय-सीमा और समय पर वितरण के लिए निगरानी तंत्र क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रामदास आठवले)

(क): अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति योजना के तहत 2019 से अब तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले और विदेशों में नामांकित छात्रों की संख्या का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण **संलग्नक-I** में दिया गया है। आंध्र प्रदेश के ऐसे छात्रों का जिला-वार विवरण **संलग्नक-II** में दिया गया है।

(ख): छात्रों के बीच राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, योजना के दिशानिर्देशों और अनुदेशों सहित प्रासंगिक विवरण विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट किया है, समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं तथा राज्य

सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के समाज कल्याण विभाग को पत्र भेजकर योजना का बड़े पैमाने पर प्रचार करने का अनुरोध किया जाता है।

(ग): एनओएस योजना के तहत, आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन की प्रोसेसिंग, जांच, डेटा प्रबंधन, सुगम्यता और चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए इस योजना को हाल ही में लॉन्च किए गए एकीकृत समावेश (सशक्तिकरण और सामाजिक सद्भाव के सभी क्षेत्रों के लिए एकल पहुंच तंत्र) पोर्टल पर शामिल किया गया है।

(घ): एनओएस योजना के तहत, संबंधित भारतीय मिशनों/दूतावासों को प्राधिकार-पत्र के माध्यम से अग्रिम रूप से निधियां जारी की जाती हैं, साथ ही यह निदेश दिया जाता है कि दावे प्राप्त होने पर संबंधित विश्वविद्यालयों और छात्रों को शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक निधि संवितरित की जाए।

संलग्नक-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3906, जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले और विदेशों में नामांकित छात्रों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण

क्र.सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (06.08.2026 तक)
1	अंडमान और निकोबार	0	0	0	0	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	0	4	0	0	3	3	5
3	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0
4	असम	0	0	0	0	1	0	0
5	बिहार	0	0	1	1	1	2	3
6	चंडीगढ	0	0	0	0	0	0	1
7	छत्तीसगढ	0	0	1	0	1	0	1
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0	0	0	0	0	0	0
9	दिल्ली	5	3	2	4	8	7	11
10	गोवा	0	0	0	0	0	0	0
11	गुजरात	0	1	4	8	6	12	8
12	हरियाणा	1	3	7	2	3	1	3
13	हिमाचल प्रदेश	0		0	0	1	0	1
14	जम्मू-कश्मीर	0	1	0	0	1	2	0
15	झारखंड	0	1	0	0	0	0	0
16	कर्नाटक	2	4	1	5	1	0	4
17	केरल	1	4	4	3	3	4	5
18	लद्दाख	0	0	0	0	0	0	0
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	5	3	6	1	4	5	9
21	महाराष्ट्र	20	28	43	56	68	12	7
22	मणिपुर	1	0	0	0	0	0	1
23	मेघालय	0	0	0	0	0	0	0
24	मिजोरम	0	0	0	0	0	0	0
25	नागालैंड	0	0	0	0	0	0	0
26	ओडिशा	1	2	2	0	0	0	1
27	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	2	0
28	पंजाब	0	1	4	5	1	6	4
29	राजस्थान	0	0	2	0	1	1	1
30	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	2	5	7	3	4	4	1
32	तेलंगाना	1	3	2	1	1	4	2
33	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0	0
36	उत्तर प्रदेश	1	2	9	7	6	9	6
35	उत्तराखंड	0	1	1	1	0	2	1
36	पश्चिम बंगाल	1	5	2	1	0	4	3
	कुल	**41**	**71**	**98**	**98**	**114**	**80**	**78**

संलग्नक -II

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3906, जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

आंध्र प्रदेश से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले और विदेशों में नामांकित छात्रों की जिले-वार और वर्ष-वार संख्या का विवरण

जिला	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
अन्नमय्या	0	0	0	0	0	0	1
बापतला	0	0	0	0	0	1	2
चित्तूर	0	1	0	0	1	0	1
कृष्ण	0	0	0	0	0	0	1
पालनाडु	0	0	0	0	0	1	0
प्रकाशम	0	2	0	0	0	0	0
विशाखापत्तनम	0	1	0	0	0	1	0
वाईएसआर कडप्पा	0	0	0	0	2	0	0
कुल	0	4	0	0	3	3	5

*****